तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025


12 गट्टी पलना में लगी संध्या चौपाल, आवास योजना की ...


12 मासूम को झेलना पड़ा लापरवाही का दंश, मौत ...



# छह दशक से अरबों की कमाई लेकिन रेल लाइन अब भी कागजों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के दिल में वर्षों से उठ रही पीड़ा आज फिर प्रचंड रूप में सामने आई है। रेलवे मंत्रालय और सरकार आखिर कब सुनेंगे। बैलाडीला आयरन ओर से छह दशक में अरबों रुपये कमाने वाली भारतीय रेल ने बस्तरवासियों को अब तक वह सुविधा नहीं दी, जिसकी उन्हें बुनियादी तौर पर आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद भी बस्तर अपने ही राज्य की राजधानी रायपुर से रेलमार्ग द्वारा नहीं जुड़ पाया।

अलग खबर

## रायपुर-अमरावती-कोंडागांव-जगदलपुर रेल मार्ग फाइलों में दफन

### अब मूल बस्तरियों में उठने लगी रेल सुविधा की मांग

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष व समाजसेवी लखेश्वर कश्यप ने कहा कि सरकार और बस्तर के कुछ दिग्गज जनप्रतिनिधि यदि वास्तव में विकास चाहते,तो बस्तर आज रेल से वंचित न रहता। बैलाडीला की खनिज संपदा से देश को लाभ होता है, तो उसका उचित हिस्सा बस्तर के विकास में लगना ही चाहिए। उनका कहना है कि शायद यही कारण है कि बस्तर को महानगरों से न जोड़कर यहाँ की जनता को जागरूक होने से दूर रखा जा रहा है,ताकि भोली-भाली जनता को ठगना आसान बना रहे। समिति पहले भी अपनी मांग उठा चुकी है और अब राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री तथा रेल मंत्री को शीघ्र मांगपत्र सौंपने की तैयारी कर रही है। सभी राजनीतिक दलों से समिति की अपील बस्तर के हित में दलगत राजनीति छोड़कर एकजुट हों और जल्द से जल्द बस्तर को रेल कनेक्टिविटी दिलाने में सहयोग करें।




### रोजगार और व्यापार पर असर

रायपुर-अमरावती-कोंडागांव-जगदलपुर रेल मार्ग वर्षों से ठंडे बस्ते में है । इसी तरह वारंगल, रामगुंडम से बीजापुर-दंतेवाड़ा जोड़ने पर दक्षिण व पश्चिम भारत से सीधी कनेक्टिविटी संभव है। बैलाडीला से छह दशक की खनिज कमाई के बावजूद बस्तर में रेल विकास ठप। महानगरों से जुड़ाव न होने से इलाज,रोजगार और व्यापार पर असर।

अमरावती-कोंडागांव-जगदलपुर रेल परियोजना कागज़ों से बाहर ही नहीं निकल सकी। यदि यह मार्ग बन जाता तो बस्तर सीधे राजधानी से जुड़ जाता। वहीं वारंगल या रामकोट (रामगुंडम) से बीजापुर तक रेल लाइन बढ़ाई जाए तो दंतेवाड़ा होते हुए बस्तर को दक्षिण और पश्चिम भारत से सीधी पहुंच मिल सकती है। इससे हैदराबाद व मुंबई जैसे बड़े शहरों तक चिकित्सा, व्यापार और रोजगार के लिए यात्रा बेहद आसान हो जाती। देश के कई क्षेत्रों दिल्ली से कटरा, ऊंचे पर्वतों को चीरकर रेल लाइन बने, सिक्किम मार्ग देश के अन्य दुर्गम क्षेत्रो में सब जगह रेल लाइनें बन चुकी हैं। तो फिर बस्तर मे क्यों नहीं? यह सवाल यहाँ के लोग आज खुलकर पूछ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभागियों ने तैयार किए चापड़ा चटनी, चाउर भाजा मुनगा भाजी और मीठा बोबो



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा अपनी रजत महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को चित्रकोट स्थित दण्डामी लग्जरी रिसॉर्ट में एक भव्य छत्तीसगढ़ी और जनजातीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पारंपरिक और लुप्तप्राय व्यंजनों को बढ़ावा देना था। इस शानदार आयोजन में विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभागियों ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया, जहां केंद्र में छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध चावल से संबंधित व्यंजन और विभिन्न प्रकार की भाजी तथा कोदो-चापड़ा से संबंधित व्यंजन थे। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए कुछ प्रमुख व्यंजनों में चैसेला, ठेठरी, खुरमी, दुध फरा, चावल भजिया, उड़द दाल भजिया, आमट, चापड़ा चटनी, चाउर भाजा, अरसा, नमकीन फरा, कांदा, प्याज, आलू, मुनगा भाजी, और मीठा बोबो आदि व्यंजन शामिल थे, जिन्होंने न केवल दर्शकों को आकर्षित किया, बल्कि निर्णायकों के सामने एक कठिन चुनौती भी खड़ी कर दी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में लोहण्डीगुड़ा तहसीलदार कैलाश पोयाम, लोहंण्डीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैगा और नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा खुशबू नेताम ने अपनी भूमिका निभाई। आयोजन की सफलता में प्रबंधक दंडामी रिसॉर्ट चित्रकोट निमेश साहू, तरुण प्रकाश राव, चन्दूलाल साहू और समस्त स्टाफ की भी महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, निर्णायक मंडल ने विजेताओं की घोषणा की। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थानचन्दकी ग्रुप मेन्दरी घुमर ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान गीता कश्यप उसडीबेड़ा एवं धनंजय बघेल नारायणपाल को मिला। तृतीय स्थान पर जागृति ग्रुप धुरागाँव रहीं। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की पाक कला विशेषकर बस्तर की पारंपरिक और जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने में सफल साबित हुई।

### प्लास्टिकमुक्त विवाह समारोह ने दिया स्वच्छता का संदेश



**जगदलपुर।** नगर निगम में जलकार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने अपने पुत्र के विवाह समारोह को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखते हुए स्वच्छता और ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पुनर्वास कार्यक्रम से युवा हथियार नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल और रोजगार की ओर बढ़ रहे

# बीजापुर बदल रहा है और उसके साथ बदल रहीं अनगिनत जिंदगियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर की धरती आज एक अनोखी बदलाव की गवाही दे रही है। वर्षों तक हिंसा और भय के साए में जीने वाले वे कदम, जिन्होंने कभी जंगल की राह चुनी थी, अब समाज और परिवार के लिए नई उम्मीद बनकर लौट रहे हैं। हथियार त्यागकर सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ रहे आत्मसमर्पित माओवादी आज साबित कर रहे हैं कि नफरत नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल और अवसर ही ज़िंदगी बदलने की असली ताक़त हैं। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने पुनर्वास की इस पहल को और मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया है, ताकि हर आत्मसमर्पित व्यक्ति सुरक्षित, सम्मानित और खुशहाल जीवन जी सके। शांति, विकास और विश्वास



का यह नया अध्याय बीजापुर को नई दिशा दे रहा है। समाज के हर वर्ग से अपील की जा रही है कि मुख्यधारा में लौटने वालों को सहयोग और प्रोत्साहन दें क्योंकि बदली हुई जिंदगी सिर्फ उनका नहीं, पूरे समाज का भविष्य संवारती है। पुनर्वास कार्यक्रम के ▶▶|शेष पेज 12 पर

### बदलाव संभव व खूबसूरत भी

बताया जा रहा है कि टेलीस्कोप के ज़रिए चांद, तारों और ग्रहों को करीब से देखकर उनके चेहरे पर जो आश्चर्य और खुशी झलकी वह शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव सिर्फ एक भ्रमण नहीं था, बल्कि जीवन में नई उम्मीद, नई ऊर्जा और नई दिशा का संचार था। हर आत्मसमर्पित प्रतिभागी के चेहरे पर मुस्कान थी एक ऐसी मुस्कान, जो बताती है कि बदलाव संभव है और खूबसूरत भी है।

# जोजल में 350 बोरा अवैध धान से भरा ट्रक किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ ओडिशा से हो रहा था परिवहन राजस्व टीम ने पकड़ा

ओडिशा सीमा पर अवैध धान परिवहन के खिलाफ राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार रात को जगदलपुर और नानगुर तहसील के राजस्व विभाग के संयुक्त गश्ती दल ने तहसील नानगुर के पुसपाल के नजदीक ग्राम जोजल के पास एक मालवाहक ट्रक को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा। इस सम्बन्ध में नानगुर तहसीलदार सुश्री दीपिका देहारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई सोमवार रात लगभग 11.45 बजे उस समय हुई जब टीम गश्त पर थी। टीम ने संदेह के आधार पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे 3195 को रोका, जो ओडिशा राज्य की ओर से आ रही थी, जांच के दौरान ट्रक में



लगभग 350 बोरा धान लदा हुए पाया गया।

ट्रक को वाहन चालक ओडिशा निवासी बुधु चला रहा था। बुधु से जब धान के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज दिखाने को कहा गया, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। यह स्पष्ट रूप से मंडी अधिनियम का उल्लंघन पाया गया। अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर संयुक्त राजस्व दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन सहित 350 बोरे अवैध धान को जब्त कर लिया। जब्त किए गए धान और वाहन को मंडी अधिनियम ▶▶|शेष पेज 12 पर


# मोबाइल टावरों का भौतिक सत्यापन शुरू, कंपनियों को नोटिस हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नगर निगम ने नेटवर्क शेयरिंग एंटीना की पूरी जानकारी सात दिन में मांगी

नगर निगम ने शहर में स्थापित सभी मोबाइल टावरों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में कंपनियों को नोटिस जारी कर नेटवर्क शेयरिंग एंटीना से संबंधित समस्त जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

निगम के अनुसार सभी मोबाइल टावरों का स्थल पर जाकर सत्यापन किया जाएगा। ताकि टावरों की वास्तविक स्थिति, उनमें लगे एंटीना और नेटवर्क शेयरिंग की संपूर्ण जानकारी संकलित की जा सके। कंपनियों को सात दिनों के भीतर अपने अधिकृत प्रतिनिधि भेजकर निगम की टीम के साथ संयुक्त रूप से सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि सभी कंपनियां निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेज एवं एंटीना से संबंधित विवरण उपलब्ध कराएं। निर्धारित समय में जानकारी न देने पर निगम की ओर से नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### निरीक्षण की बनी कार्ययोजना

निगम ने पहले चरण में सभी टावरों की सूची को अपडेट करने, दूसरे चरण में स्थल निरीक्षण कर एंटीना, नेटवर्क शेयरिंग की स्थिति दर्ज करने, तीसरे चरण में कंपनियों से दस्तावेज मिलान कर अंतिम रिपोर्ट तैयार करने और चौथे चरण में अनुमतियों, सुरक्षा मानकों तथा राजस्व से जुड़े बिंदुओं की जांच कर अगली कार्रवाई तय करने की क्रमवार प्रक्रिया बनाई है, जिसमें सभी कंपनियों की समय पर सहभागिता अनिवार्य कर दी गई है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## दूसरे दिन रखी गई जनजातीय इतिहास व संस्कृति की झलक

# जनजातीय गौरव माह में हुई काकतीय पीजी कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ पहले दिन उजागर हुए संविधान प्रदत्त अधिकार

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत एवं योगदान विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला 8 व 9 दिसंबर को आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भाषण प्रतियोगिता से हुई, जिसका विषय था। जनजातीय समाज को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार। विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा से जुड़े अधिकारों और आदिवासी संस्कृति संरक्षण पर प्रभावी वक्तव्य दिए।

प्रतिभागियों द्वारा बिरसा मुंडा,रानी जुगराज कंवर सहित जनजातीय नायकों पर आधारित नाटकों का मंचन किया गया, जिनमें ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष और महिलाओं के अधिकारों के आंदोलन को जीवंत रूप से दर्शाया गया। पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत एकल एवं समूह लोकनृत्य ने दर्शकों को आकर्षित किया। महाराष्ट्र, असम व बस्तर की आदिवासी सांस्कृतिक विविधताओं की झलक उनके नृत्य में दिखाई दी। प्राकृतिक रंगों से बनी जनजातीय कला शैली की रंगोलियों ने भी सभी का ध्यान खींचा। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि दिनेश कश्यप तथा मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता यज्ञ सिंह रहे। दीप प्रज्वलन के साथ वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती सहित जनजातीय नायकों को नमन किया गया। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बस्तर की सांस्कृतिक ▶▶|शेष पेज 12 पर



### जनजातीय गौरव का संक्षिप्त सार

भाषण प्रतियोगिता से शुरुआत करते हुए विद्यार्थियों ने संविधानिक अधिकारों,संस्कृति संरक्षण और संघर्ष गाथाओं पर प्रभावी प्रस्तुतियाँ दीं। बिरसा मुंडा व रानी जुगराज पर आधारित नाटकों ने इतिहास को जीवंत किया। लोकनृत्य,रंगोली और सांस्कृतिक प्रदर्शनी ने बस्तर की पहचान को उकेरा। अतिथियों ने जनजातीय स्वाभिमान, विकास, अधिकारों और ऐतिहासिक योगदानों पर जोर देते हुए युवाओं को अपने विरासत संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर किया जा रहा जागरूक



**फरसगांव/धनोरा।** कोंडागांव जिले में ईरागांव थाना पुलिस ने कोंडागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशन पर ईरागांव के साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर उपस्थित ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को ईरा गांव थाना प्रभारी के द्वारा साईबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी देकर उसके बचाव के बारे में बताया गया। साइबर ठगी, महिला अपराध अपराध, बाल अपराध, यातयात नियमो का पालन करने कहा गया। नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूर रहने और नशे के दुष्परिणामो के बारे में बताकर नशे से दूर रहने जागरूक किया गया। साथ ही कई आवश्यक बातो को बताया गया।

### शिविर में स्वयंसेवक नुक्कड़ नाटक से फैला रहे नशामुक्ति का संदेश



**कोण्डागांव।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में जैतपुरी इकाई का विशेष शिविर ग्राम सुवा डोंगरी में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। स्वयंसेवक ग्रामीणों को नशापान की हानियों से अवगत कराने के लिए घर–घर संपर्क कर रहे हैं और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैला रहे हैं। स्वयंसेवकों के सेवा कार्य से प्रभावित होकर ग्रामीणजन अपनी ओर से मौसमी सब्जियां निशुल्क प्रदान कर रहे हैं। पंचम दिवस पर बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली तथा श्रमदान कर विद्यालय परिसर में रंग–रोगन कर नवीनीकरण का प्रयास किया। शिविर के दौरान रात में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की।

### धान बेचकर ट्रैक्टर की किश्त चुकाएंगे किसान

**कांकेर।** जिले के किसानों को समर्थन मूल्य पर प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी किए जाने का प्रत्यक्ष लाभ लगातार मिल रहा है। नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मालगांव के किसान वट्टी खुद की एक एकड़ कृषि भूमि में उत्पादित 20 क्विंटल धान को उपार्जन केंद्र मालगांव में विक्रय करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि धान बेचकर उससे प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग वे पूर्व में लिए गए ट्रैक्टर की किश्त चुकाने में करेंगे, जिससे उनकी कृषि कार्यों में और सुगमता आएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के द्वारा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी ऐतिहासिक कदम है, जिससे मेहनतकश किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है और साथ ही खेती-बाड़ी को मजबूत आधार भी मिल रहा है।

# गट्टी पलना में लगी संध्या चौपाल, आवास योजना की प्रगति पर हुई चर्चा

## 31 मार्च 2026 तक सभी स्वीकृत आवास पूर्ण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत गट्टी पलना में सोमवार को आयोजित संध्या चौपाल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई विशेष रूप से उपस्थित रहे। सीईओ श्री भोई ने सरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत समस्त आवासों को 31 मार्च 2026 तक सौ प्रतिशत पूर्ण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने हितग्राहियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने और कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने आवास निर्माण से संबंधित आवश्यक पहलुओं जैसे निर्माण सामग्री की उपलब्धता, मजदूरों की व्यवस्था, तकनीकी मानकों एवं किश्तों के भुगतान प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।



साथ ही यह भी कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर मिले, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत ग्राम पंचायत या जनपद पंचायत को अवगत कराने की अपील की गई। संध्या चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएँ भी रखीं, जिनका अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आवास समन्वयक, सहायक अभियंता आवास, विकासखंड समन्वयक सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हादसा : पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, मुआवज़े की मांग

# मासूम को झेलना पड़ा लापरवाही का दंश, मौत का कारण बना खुला गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका क्षेत्र कोपाबेड़ा नहरपारा में चल रहे तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में ठेकेदार की कथित लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली। 29 नवंबर को चार वर्षीय मिस्टी उर्फ इशिका गहरे गड्ढे में गिर गई, जिसमें बरसात का पानी भरा हुआ था। एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन की चुप्पी से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

परिजनों अमीषा देव, मानिक देव, रानी सिंह, रेखा राय का आरोप है कि गर्मी के दिनों में नगर पालिका द्वारा दिए गए ठेके के तहत तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हुआ था। कार्य के दौरान लगभग 6 फीट से अधिक गहरा गड्ढा खोदा गया लेकिन काम बंद होने के बाद उसे न भरा गया और न ही उसके चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था की गई। 29 नवंबर की सुबह, इशिका घर के पास खेल रही थी। कुछ देर बाद जब वह नहीं दिखी, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान गड्ढे में इशिका का छोटा मफलर तैरता मिला। आशंका के चलते उसके चाचा मानिक देव गड्ढे में उतरे और बच्ची को बाहर निकाला, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम का पीड़ित परिवार को समर्थन

घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो झूमुक दीवान, रितेश पटेल, नरेन्द्र देवांगन के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा मासूम बच्ची की मौत सीधी–सीधी ठेकेदार की लापरवाही का परिणाम है। जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मैंने स्वयं तहसीलदार से बात कर पीड़ित परिवार को शीघ्र ही शासकीय मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस पार्टी न्याय के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी।

### न्याय की उम्मीद

स्थानीय लोग सवाल कर रहे हैं कि जिम्मेदारी से बचने की कोशिश क्यों की जा रही है। क्या कार्रवाई पेटी कॉन्ट्रैक्टर पर होगी या मुख्य ठेकेदार पर। क्या राजनीतिक दबाव के चलते मामले को दबाया जा रहा है। फिलहाल कोण्डागांव सिटी कोतवाली ने मर्ग पंचनामा दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। इलाका अभी भी शोक और आक्रोश के माहौल में है, और लोग न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं : लोग आक्रोशित

दुर्घटना के 7 दिन बीत जाने के बाद भी किसी को नोटिस तक नहीं दिया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे ने बयान दिया कि उन्हें मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है और ठेकेदार से मौखिक बातचीत की गई है, जिसने गड्ढा न भरने की बात स्वीकार की है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि नगर पालिका की लापरवाही ने इस घटना को और भी पीड़ादायक बना दिया है।

### 3.50 करोड़ का सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट पर सवाल

नहरपारा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य लगभग 3.50 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया था। हालाँकि, सीएमओ दिनेश डे ने बताया कि यह पूरा काम पूर्व भाजपा पार्षद को पेटी कॉन्ट्रैक्ट के रूप में दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रोजेक्ट में एक बड़े भाजपा नेता की भी साझेदारी है, जिसके चलते अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं की गई।

# बाबासाहेब आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शनिवार को सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोंडागांव के अध्यक्ष धंसराज टंडन की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में किया गया, जहां समय 6 बजे शाम को दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब को याद किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, वक्ता एवं समाज के प्रमुखों ने बाबा साहेब की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के समस्त पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। रमेश जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता बंगाराम सोढी, अध्यक्ष आदिवासी समाज एम. डी. बघेल, सी. एल. अध्यक्ष बौद्ध समाज रमाकांत महाजन पेम सिह नाग, अध्यक्ष गाडा समाज बिरेद बघेल, अध्यक्ष अंदकुरी गाडा समाज तरुण नाग, अध्यक्ष उत्कल घासी समाज छोटू सलाम, युवा अध्यक्ष साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और युवाओं सहित विभिन्न समाज के प्रमुख भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बाबा साहेब के विचारों और उनके सामाजिक योगदान को याद किया और उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की।



# मोहलई में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखण्ड कोंडागांव के संकुल केंद्र मोहलई एवं मुनगापदर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम करनपुर में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संकुल समन्वयक मदन राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 प्राथमिक एवं 4 माध्यमिक शालाओं के सैकड़ों बच्चों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, खो–खो सहित विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- करनपुर में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

सभी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उच्च प्राथमिक शाला करनपुर ने ऑल ओवर चौंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जनय फरसू नेताम ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।





**इनका रहा सहयोग**–कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महादई कश्यप सरपंच करनपुर, मालतु सोड़ी सरपंच मोहलई, हेमबती कश्यप सरपंच खचगाँव, फूलमती नेताम सरपंच मुनगापदर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिक्षक सुशील कुमार सिन्हा, प्रेमराज नेताम, जयराम कश्यप, रुपनाथ पांडे, अशोक पांडेय, ललित शोरी, कमलेश नेताम, बंशीलाल बघेल, डिकेश कश्यप, देवेन्द्र सेठिया, शकुन बधेल, दिनेश नाग, नवल नेताम तथा ग्रामीणजन महादेव कश्यप सहित कई लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# युवा शक्ति के सही दिशा में कार्य करने से समाज में नई ऊर्जा और परिवर्तन का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम खालेबेदी ग्रापं कोरकोटी जिला कोंडागांव में 30 नवंबर से संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 6 को किया गया। समापन समारोह उत्साह, अनुशासन और सामाजिक जागरुकता के संदेशों के साथ सम्पन्न हुआ।

सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास, स्वच्छता, पर्यावरण और जनजागरूकता से जुड़े अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया, जिसे ग्रामीणों ने अत्यंत सराहा। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कपिलकांत नाग, जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फूलमती पद्दा, सरपंच ग्राम पंचायत कोरकोटी ने की। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती नमिता जैन, जनपद पंचायत सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुईं।

### सामाजिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बना शिविर

प्राचार्य के. आर. प्रधान ने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों, स्वयंसेवकों और विद्यालय परिवार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि यह शिविर स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ ग्राम खालेबेदी के सामाजिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बना है। श्रम सेवकों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। ग्रामीणों ने स्वयंसेवकों के प्रयासों को सराहते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे शिविर आगे भी आयोजित होंगे। समापन कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार साहू द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावपूर्ण ढंग से किया गया। इस अवसर पर एसएमडीसी के अध्यक्ष रामेश्वर उसेंडी, राकेश पोटाई, रूपनारायण जैन, सरादु राम समरथ, शाला के वरिष्ठ व्याख्याता फूल सिंह उयके और बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं, गांव के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के सहयोग से गतिविधियां संचालित कीं

ग्राम स्वच्छता अभियान और सड़क–नालों की सफाई, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता पर जनसंवाद,पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ,साक्षरता जागरुकता तथा विद्यार्थियों–अभिभावकों के बीच संवाद सांस्कृतिक कार्यक्रमश हुए। इसके अलावा नाटक, गीत एवं लोकनृत्य सामुदायिक स्थलों के सुधार कार्य,ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणादायक वार्ता भी हुई। इन कार्यक्रमों से संबंधित प्रतिवेदन कार्यक्रम अधिकारी कविराज साहू जी ने सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया।

### स्वयंसेवक के कार्य ग्राम विकास के सच्चे मॉडलः नाग

मुख्य अतिथि कपिल कांत नाग ने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस शिविर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों को "ग्राम विकास का सच्चा मॉडल" बताया। अध्यक्षता कर रही सरपंच फूलमती पड़ा ने शिविर की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों और युवाओं के बीच सकारात्मक तालमेल मजबूत होता है। विशेष अतिथि श्रीमती नमिता जैन ने कहा कि युवा शक्ति यदि सही दिशा में कार्य करे तो समाज में नई ऊर्जा और परिवर्तन का संचार होता है। विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्रा रहे और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े रहे श्री श्री राम यदु और श्री रोहित कुमार नाग पूर्व जनपद प्रतिनिधि ने अपना अनुभव शेयर करते हुए सुझाव प्रस्तुत किए।

# विकास नगर स्टेडियम में प्रशिक्षार्थियों को दिया गया देशभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा 9 दिसंबर को विकास नगर स्टेडियम, कोंडागांव में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा के निर्देशन तथा जिला अध्यक्ष सूरज यादव के मार्गदर्शन में हुआ। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस शहीदों और राष्ट्र सेवा में लगे सैनिकों के सम्मान में 1949 से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिवस देशभक्ति को बढ़ावा देता है तथा सैन्य परिवारों के सहयोग व कल्याण के लिए धन जुटाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि झंडा दिवस नागरिकों और सेना के बीच एकता और कृतज्ञता का मजबूत सेतु है। उन्होंने बताया कि देशभर में लोग स्वेच्छा से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में दान देते हैं।





बदले में थलसेना, नौसेना और वायुसेना का प्रतिनिधित्व करने वाले लाल, गहरे नीले और हल्के नीले रंग के छोटे झंडे प्राप्त करते हैं। एकत्रित राशि युद्ध विधवाओं, शहीदों के आश्रितों, विकलांग सैनिकों के उपचार और पूर्व सैनिकों के पुनर्वास पर खर्च की जाती है।

**विशिष्ट अतिथि को लगाया लेपल पिन** – कार्यक्रम के दौरान तीरंदाजी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा को पूर्व सैनिकों द्वारा लेपल पिन और ध्वज स्टिकर लगाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद पूर्व सैनिकों ने वहाँ उपस्थित सभी युवा–युवतियों, खिलाड़ियों, राष्ट्रीय स्वयंसेवकों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम नागरिकों को ध्वज स्टिकर लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

## पेज 11 के शेष

### बीजापुर बदल रहा...

तहत अब ये युवा हथियार नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल और रोजगार की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। ट्रैक्टर चालन, सिलाई, बागवानी, पशुपालन और कई तकनीकी प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो रहे हैं। आज सेंट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण इन आत्मसमर्पित युवाओं के लिए किसी नई दुनिया के दरवाज़े खुलने जैसा रहा। किताबों की खुशबू, ज्ञान का विशाल संसार, मानचित्र अध्ययन और अंतरिक्ष विज्ञान की रोचक जानकारियों ने उनके भीतर नई जिज्ञासाओं को जन्म दिया। इस कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार साहू एवं पुनर्वास केंद्र बीजापुर के संचालक उपस्थित रहे।

### जोजल में 350...

के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाना नानगुर के सुपुर्द कर दिया गया है। राजस्व विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्रों से होने वाले अवैध धान परिवहन पर लगाम कसने में मदद मिलेगी।

### जनजातीय गौरव माह...

धरोहर, जनजातीय संघर्षों और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि दिनेश कश्यप ने जनजातीय समुदायों की उन्नति हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता यज्ञ सिंह ने तिलका मांझी,वीर भगत,भीमा नायक और रानी कमलावती जैसे गुमनाम जनजातीय योद्धाओं के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बस्तर के खनिज,ढोकरा कला,आभूषण, मिट्टी शिल्प और जनजातीय खानपान की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई,जिसे अतिथियों ने सराहा। अंत में प्रथम दिवस के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरण तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन प्रो अभिषेक बाजपेयी के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### प्लास्टिकमुक्त विवाह ...

पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की। जीरो वेस्ट थीम पर आयोजित इस अनोखे आयोजन में सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार किया गया,जिससे समाज को स्वच्छ और जागरूक जीवनशैली अपनाने का प्रेरक संदेश मिला। शादी में स्टील,कांच,पेपर और बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग किया गया। आमंत्रण पत्र भी पर्यावरण के अनुकूल रूप में हर्बल रंगों से छपे रुमालों के रूप में दिया गया,जिसे मेहमानों ने खूब सराहा। विवाह की परंपरागत रस्मों में भी प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग कर प्रकृति-सम्मत समारोह का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। समारोह स्थल पर बनाया गया प्लास्टिक हटाओ,पर्यावरण बचाओ सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा और लोगों को जागरूक करने का प्रभावी माध्यम बना। सुरेश गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के लिए प्लास्टिक से दूरी बनाना आज की आवश्यकता है। महापौर संजय पाण्डे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुरेश गुप्ता स्वच्छता अभियान से लंबे समय से जुड़े हैं और वर्ष 2010 में भी उन्हें स्वच्छता कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शहरवासी इस प्रेरणादायक पहल से सीख लेकर अपने समारोह भी प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। जीरो वेस्ट थीम पर आयोजित इस विवाह समारोह ने जगदलपुर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की नई मिसाल कायम की। स्टील व कांच के बर्तनों से लेकर बायोडिग्रेडेबल सामग्री के उपयोग, हर्बल रंगों से बने रुमाल-निमंत्रण और प्राकृतिक रस्मों तक हर स्तर पर प्लास्टिक से दूरी का स्पष्ट संदेश दिया गया। प्लास्टिक हटाओ,पर्यावरण बचाओ सेल्फी प्वाइंट ने भी मेहमानों में उत्साह जगाते हुए जागरूकता बढ़ाई। महापौर द्वारा की गई प्रशंसा ने इस पहल को और मजबूती दी,जिससे समाज में प्लास्टिक मुक्त आयोजनों की दिशा में आगे बढ़ने का प्रेरक वातावरण बना।

## खबर संक्षेप

### संतुराम का अग्नि वीर भारतीय थल सेना में चयन

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी छात्र संतु राम अतरा पिता जगतू राम अतरा ग्राम मसेनार



दंतेवाड़ा निवासी ने अग्नि वीर भारतीय थल सेना में चयनित होकर दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन किया है। इस संबंध में एनसीसी प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने बताया कि सेना में सेवाएं देने के लिए एनसीसी एक उत्कृष्ट माध्यम है। एनएसएस संगठन सेना के प्रति जोश और जज्बे के भावनाओ से युवाओं को प्रेरित करता है। इसी से प्रेरणा लेकर आज संतु राम अतरा ने थल सेना अग्निवीर में चयन होकर उपलब्धि को प्राप्त किया है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के एम प्रसाद ने अग्नि वीर चयन होने पर उक्त छात्र को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### मतदाता पुनरीक्षण दावा-आपत्ति 16 से

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रगति पर है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की गई है।

## निधन

### योगेश बत्रा

**जगदलपुर।** शहर के बालाजी वार्ड निवासी योगेश बत्रा(69) का मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे उपचार के दौरान निधन हो गया है।



तबियत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था,जहां वे अंतिम सांस ली। हंसमुख और मिलनसार के धनी योगेश अपने पीछे पत्नी एक पुत्र,दो पुत्रियों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

### हाईवे में बने गड्ढों से वाहन चालक परेशान

# एनएच पर जानलेवा गड्ढे, रोजाना हादसे, लोगों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम/ मददेड़

बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र के मददेड़ के नेशनल हाईवे 30 के मुख्य मार्ग पर कुछ जगहों पर बने गड्ढे जानलेवा साबित हो रहें है।

जर्जर व गड्ढे में तब्दील सड़क वाहन चालकों के लिए परेशानी व जानलेवा बना हुआ है। दुपहिया सवार आए दिन दुर्घटना ग्रस्त होकर चोटिल हो रहे है। मददेड के पेगडापलली, पसपुलनाला के पास सड़क मार्ग पर बीचों बीच बढ़ा गड्ढा जिससे कि दो पहिया और चार पहिया वाहनों को यहां से गुजरने में परेशानी हो रहीं। बीजापुर से भोपालपटनम की ओर आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनों के चालकों ने बताया कि चलते-चलते सड़क पर गड्ढा आ जाता है, अनुमान लगाना मुश्किल है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। दो पहिया वाहन चालकों को तो आए दिन दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। बता दे कि कुछ महीने पहले ही इस सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन अब सड़क की हालत जर्जर हो गई है। इस सड़क के ऊपर बने पुल के ऊपर से गुजरना मौत को आमंत्रित करने जैसा ही है, क्योंकि पुल के ऊपर की सड़क पार करते ही बड़ी दुर्घटना हो सकती। इसी मार्ग से आये दिन मंत्री, सांसद,

- कुछ महीने पहले ही इस सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन अब सड़क की हालत जर्जर






विधायक, कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और अन्य बड़े अधिकारियों का आना जाना होता है, मगर गड्ढों के ऊपर किसी की नजर नहीं पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग व पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही व स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण उक्त गड्ढे का काम नहीं कराना जानलेवा साबित हो रहा है।

---

### विश्वविद्यालयीन खेल में खिलाड़ियों का चयन

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय के खिलाड़ी नवलीन बड़ा एवं ओम कुमार काका ने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालयीन स्तर के लिए



चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 11 एवं 12 नवंबर को शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में आयोजित हुई थी। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक के मार्गदर्शन में दोनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। अब ये दोनों खिलाड़ी 10 दिसंबर से 15 दिसंबर तक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय बिहार में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालयीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएम. प्रसाद, डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्नाबाला मोहंती, डॉ. अंजलि कश्यप, डॉ. दिनेश कुमार लहरी सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त की हैं।

---

## शीतला माता मंदिर में हुआ सालाना जात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम नगर के शीतला माता मंदिर में वार्षिक जात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुटे। इस अवसर पर ब्लाक मुख्यालय के अलावा दंतेवाड़ा, बारसूर, समलूर, रोंजे, छिन्दनार, घोटपाल, कासोली जैसे दूर-दराज इलाकों से भी लोग पहुंचे।

मेले में आसपास के व्यापारी अपनी दुकान लगाते हैं, जिसमें ग्रामीण अपने जरूरत का सामान खरीदते हैं। परम्पराओं के चलते भी जात्रा में पहुंचने वाले लोग कुछ न कुछ सामान अवश्य खरीदते हैं। इस अवसर पर माता के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि बस्तर अंचल में जात्रा का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसमें ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के साथ एकत्रित होते हैं और इन जात्राओं में क्षेत्र के विकास और खेती-बाड़ी में समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के पुजारी के मुताबिक माता के सम्मान में यह उत्सव शुरू किया गया था, जहां चेचक सहित अन्य बीमारियों से निदान की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है।

मेले में पहुंचने वाले ग्रामीण माता के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करने के लिए चढ़ावा के रूप में नारियल, फल व अन्य चीजें माता को अर्पित करते हैं और माता के प्रसाद को लोग अपने घर भी ले जाते हैं। गीदम ब्लाक में स्थित शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष मंगलवार को आयोजित होने वाली सालाना जात्रा का इस वर्ष भी बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। सुबह से ही माता मंदिर में विशेष पूजा-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। माता के दर्शनों के लिए दिन भर भक्तों का ताता लगा रहा। साथ ही क्षेत्र के लोगों ने एकत्रित होकर माता के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की।

इस तीन दिवसीय जात्रा में 8 दिसंबर को शीतला माता के मंदिर में जात्रा कलश स्थापना के साथ यह जात्रा शुरू हुई। दूसरे दिन 9 दिसंबर को गांवदई भैरमबाबा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव पूजा, शीतला माता पूजा व आरती, देव खेलनी, उड़ियानाट, आदिवासी नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। तीसरे दिन 10 दिसंबर को देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा का समापन होगा।

---

## शिक्षक कल्याण संघ का हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय आह्वान पर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव डेसनाथ के मार्गदर्शन मे मंगलवार को ज़िला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक बकावंड के सुंडी समाज भवन में किया गया। जिसमें बस्तर जिले से सभी ब्लॉक के अध्यक्ष निधि आनन्द, सूदनराम मौर्य, तुलसी साहू, मसूराम मंडावी, जिलाध्यक्ष कृष्णा बघेल, अमलैस ठाकुर संभागीय अध्यक्ष सहित लगभग सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे। जिसमें सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि 1998 99 के शिक्षक साथी सब एक हैं और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत पेंशन पर हमारा पूर्ण अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे।

बैठक में सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सेवानिवृत्त शिक्षिका को प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सम्मेलन में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत कर एक सूत्रीय मांग 1998 99 शिक्षक एलवी संवर्ग को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत सकल लाभ देने हेतु शासन अतिशीघ्र आदेश जारी करने सम्बन्धी विषय पर विचार विमर्श किया तथा रणनीतियां बनाई गई। प्रांतीय निर्देशानुसार एकजुटता के साथ कार्य करने पर बल दिया गया। बैठक में बस्तर जिला के सभी ब्लॉक के पदाधिकारी गण एवं सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे।

---

## 688 लोगों ने आयुष स्वास्थ्य शिविर का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

संचालक आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ मोहनीश साहू के दिशा निर्देश पर मंगलवार को ग्राम लामकेर में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन।

शिविर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और सभी को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन शिविरों से दूर-दूर ग्रामीण इलाकों के लोगों को आसानी से चिकित्सा सुविधा मिलती है। जिन्हें बड़े अस्पतालों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। आयुष शिविर में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, सरपंच लक्ष्मण कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप सहित जनप्रतिनिधियों ने भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन में रोग के उपचार के साथ निरोग रहने के लिए भी प्रेरित करता है। आयुर्वेद की औषधियां से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके द्वारा पर ही स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना और बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करना है। शिविर में विभिन्न रोगों का उपचार कर निशुल्क औषधि प्रदान किया गया। जिसमें बीपी 35, शुगर 22,एचबी 25 जांच किया गया एवं स्वास्थ्यवर्धक आयुर्वेद काड़ा का 733 लोगो को वितरण भी किया गया। आयुष शिविर में 688 लोगों ने आयुष स्वास्थ्य शिविर में लाभ लिए। इस दौरान डॉ टीएस बढ़ई, डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, डॉ विनोद सिंह, डॉ नित्यानंद भोई,डॉ कविता राठिया, डॉ खिलेश्वरी नेताम ने सेवाएं दी।




---

## मद्देड़ में व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे बंद





हरिभूमि न्यूज : भोपालपटनम/ मददेड़

सर्व आदिवासी समाज के आह्वान पर समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर की संदिग्ध मृत्यु के विरोध में आज मंगलवार को समूचा बस्तर बंद आयोजित किया गया। इसी कड़ी में भोपाल पटनम के मददेड क्षेत्र में भी सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में पूरे बंद का समर्थन किया गया है। सुबह से मददेड के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार और दुकाने बंद है।

व्यापारी गण शांतिपूर्वक बंद को सफल बनाने में सहयोग किया। आदिवासी समाज ने कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक न्याय की इस लड़ाई को जारी रखा जाएगा।

---

## विद्यालय के 20 वर्ष पूरे होने पर उमड़ा पूर्व छात्राओं का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में एल्युमनी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बैचों के अनेक पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- आयोजित हुआ एल्यूमनी मीट, पूर्व छात्राओं ने साझा किए अपने अनुभव



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एचएल नेताम रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप सिंह ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे अतिथि स्वागत एवं शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के साथ हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों मे प्राचार्य एकलव्य विद्यालय दंतेवाड़ा डॉ. दीपक सिंह, प्राचार्य एकलव्य विद्यालय गीदम तथा प्राचार्य एकलव्य विद्यालय कुआकोंडा वृषभान खांडेकर उपस्थित रहे। शिक्षकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। उपप्राचार्य टीएल साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने कहा की शिक्षक का सच्चा पुरस्कार तभी मिलता है जब उसके विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार करते हैं।

आज आप सभी को सफल, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी देखकर हम शिक्षकों का ह्रदय आनंद से भर उठा। संचालनकर्ता शिवकुमार कंवर एवं अजय सिंह ने एल्यूमनी मीट के उद्देश्य, महत्व तथा विद्यालय और पूर्व विद्यार्थियों के बीच संबंधों को सुदृढ़ बनाने में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह मंच वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल, पीटी गतिविधियां तथा अनुभव-साझा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें चयनित पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों, संघर्षों तथा विद्यालय से जुड़ी प्रेरक स्मृतियां साझा कीं। एकलव्य विद्यालय कुआकोंडा की प्राचार्य वृषभान खांडेकर ने पूर्व छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। वहीं दंतेवाड़ा के प्राचार्य डॉ. दीपक सिंह ने एल्युमनी की सफलता को विद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि एच एल नेताम ने अपने संबोधन में विद्यालय के प्रारंभिक दौर की चुनौतियों और उपलब्धियों को याद करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

प्राचार्य कुलदीप सिंह ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए पूर्व छात्रों के निरंतर सहयोग और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद एकलव्य विद्यालय का विकास एवं एल्यूमनी की भूमिका विषय पर समूह चर्चा आयोजित हुई। जिसमें विद्यालय के शैक्षिक, सांस्कृतिक व अधोसंरचनात्मक विकास के लिए अनेक रचनात्मक सुझाव प्राप्त हुए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो सेशन, धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डीआर. रात्रे द्वारा तथा अल्पाहार के साथ हुआ। एल्यूमनी मीट के अंतर्गत सद्भावना वॉलीबॉल मैच तथा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान का भी आयोजन किया गया।

---

## नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य का नींव रखता आस्था आवासीय विद्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में संचालित आस्था आवासीय विद्यालय ने अनाथ एवं निराश्रित बच्चों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। माओवादी हिंसा से प्रभावित एवं शिक्षा से वंचित बच्चों को सर्वांगीण सुविधापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ समर्थ और योग्य नागरिक के रूप में उन्हें समाज के मुख्यधारा में लाना इस आवासीय विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है।

वर्ष 2007-08 में जिला मुख्यालय में गुरुकुल आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई थी। जिसे अब जावंगा एजुकेशन सिटी स्थानांतरित किया जा चुका है। इस संस्थान में कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्रता अनुसार बच्चों का चयन किया जाता है, जिससे वे शिक्षा, सुरक्षा और संवेदनशील वातावरण में आगे बढ़ सकें। यह संस्थान अब अत्याधुनिक भवन, सुरक्षित परिसर, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, खेल मैदान, संगीत एवं योग जैसी सुविधाओं के साथ यह विद्यालय बच्चों के समग्र विकास का केंद्र बन चुका है। विद्यालय में शिक्षक और स्टाफ बच्चों को परिवार की तरह स्नेह और सहयोग प्रदान करते हैं। मृदु व्यवहार, सहनशीलता और भावनात्मक समर्थन के माध्यम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया जाता है। छात्रावास में पूर्णकालिक अधीक्षक बच्चों की देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

---

## जेल में 92 शिक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन महापरीक्षा का आयोजन रविवार 7 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिले के कुल 548 केन्द्रों में किया गया। जिले में कुल पंजीकृत शिक्षार्थी 43616 थे। जिसमें से कुल महिला 26920 व पुरुष 16696 शिक्षार्थी थे। परीक्षा में कुल 34807 परीक्षार्थी, महिला 22743 व पुरुष 12064 सम्मिलित हुए। बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शामिल होने हेतु पंजीकृत शिक्षार्थियों को मोहल्ला एवं ग्राम पंचायत साक्षरता केन्द्रों में पढ़ाई कराया गया। विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थी उत्साह पूर्वक परीक्षा में बैठे। परीक्षा में अधिक उम्र के पुरुष एवं महिला शिक्षार्थियों में भी उत्साह देखा गया।

इस क्रम में जिला जेल दंतेवाड़ा में परिरुद्ध बंदियों हेतु जेल में परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जिसमें 92 नव साक्षर बंदी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुये। जिला जेल दन्तेवाड़ा में भी कुल 100 बंदी शिक्षार्थी पंजीकृत थे। इस संबंध में प्रभारी जेल अधीक्षक अलोइस कुजूर द्वारा बताया गया कि जेल में परिरुद्ध निरक्षर बंदियों को साक्षर करने हेतु जेल में निरंतर साक्षरता की कक्षाएं संचालित किया जा रहा है । जेल में शिक्षक पदस्थ है जिनके द्वारा निरक्षर बंदियों को लिखना, पढ़ना एवं प्रारंभिक शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दंतेवाड़ा के सहयोग एवं मार्गदर्शन में जेल में परिरूद्ध बंदियों को उल्लास राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित कराने हेतु जेल में उल्लास केन्द्र बनाया गया। साथ ही जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिए साक्षरता की पुस्तके कापी एवं अन्य साधन उपलब्ध कराई गई। और पंजीकृत बंदियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ उक्त परीक्षा दिलाई।

---

## ई-गवर्नेंस की अभिनव पहल, अब डिजिटल चैटबॉट की रिपोर्टिंग से होती है आंगनबाड़ी मॉनिटरिंग

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिले में आंगनवाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल नवाचार की दिशा में अनूठी पहल की गई है। जिले में संचालित कुल 1062 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 23 जुलाई से एक विशेष टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा रही है। इस टेलीग्राम ग्रुप की खासियत यह है कि इसमें एक चैट बॉट आधारित एआई तकनीक का उपयोग किया गया है, जो कि केवल दंतेवाड़ा जिले में ही लागू की गई है और यह नवाचार राज्य में अपनी तरह का पहला प्रयास है। कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनबाड़ियों में प्रदाय किए गए। नाश्ता एवं दोपहर के भोजन, शाला पूर्व शिक्षा, टीकाकरण तथा अन्य गतिविधियों की फोटो भेजते ही चैट बॉट उनके नाम सहित प्रमाणीकरण संदेश स्वयं भेजता है। साथ ही प्रतिदिन दोपहर 2 बजे स्वचालित रिपोर्ट तैयार कर यह बताता है कि कितने कार्यकर्ताओं ने समय पर रिपोर्ट भेजी है और कितनों ने नहीं। इसके अलावा लगातार बेहतर रिपोर्टिंग करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की रैंकिंग जारी कर उन्हें सराहा भी जाता है।



---

## बैठक में विकास कार्यों की प्रगति पर सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले में संचालित सभी विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर गति लाने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की और प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही बस्तर ओलंपिक के संभागीय स्तर के आयोजन को ध्यान में रखते हुए चयनित खिलाड़ियों के आवागमन, ठहरने और भोजन व्यवस्था को पूर्णतः सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संभागीय नोडल अधिकारियों से सतत समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल दिया। कलेक्टर ने बताया कि 14 दिसंबर को प्रस्तावित विधानसभा सत्र को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग समय-सीमा में विधानसभा प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराएं। साथ ही बिना पूर्व अनुमति किसी भी अधिकारी को अवकाश लेने या मुख्यालय छोड़ने पर सख्त मनाही रहेगी। धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने बारदाना उपलब्धता, टोकन वितरण और खरीदी केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली तथा प्रक्रिया को सुचारू रखने के निर्देश दिए। संबंधित नोडल अधिकारियों को निरंतर निगरानी और केन्द्रों के निरीक्षण करने को कहा गया।

सड़क, बिजली-पानी के कार्यों सहित स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

# वाहनों की निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से करवाएं पालन : हरिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर हरिस एस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर से लगे चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट वाले मार्गों पर वाहनों की निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन कराया जाए। साथ ही शहर में भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश की तय समय सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बिना अनुमति के मुख्य मार्गों पर डीजे संचालन, रैली एवं बारात निकालने पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आस्था सभाकक्ष में आयोजित की गई।

कलेक्टर ने जिले के ब्लैक स्पॉट की पहचान, दुर्घटनाओं के कारणों और सुधारात्मक कदमों की समीक्षा की। उन्होंने ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए यातायात विभाग से सतत कार्यवाही और जागरूकता अभियान बढ़ाने को कहा। राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने आवश्यक स्थानों पर यातायात संकेतक,चेतावनी बोर्ड, ट्रैफिक कॉलिंग, जेब्रा क्रॉसिंग,रबर स्पीड ब्रेकर स्थापित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को हटाने, उनके सींग में रेडियम लगाने और चिन्हांकित गौशालाओं में रखने की कार्यवाही पर भी विचार किया गया। इसके अलावा शहर और राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित क्षेत्रों में रात्रि कालीन स्ट्रीट लाइट जलाने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। बैठक में अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, आरटीओ अधिकारी डीसी बंजारे तथा लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



#### भारी वाहनों के प्रवेश पर चर्चा

बैठक में बस्तर चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स, व्यापारी संघ और बस्तर परिवहन संघ के प्रतिनिधियों के साथ शहर में भारी वाहनों के प्रवेश समय पर विस्तृत चर्चा की गई। सहमति से निर्णय लिया गया कि सुबह 7:30 बजे से रात 9 बजे तक शहर में भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सामान खाली करने के बाद दोपहर 12 से 2 बजे तक शहर के बीच से भारी वाहनों को बाहर निकालने की समय-सीमा तय की गई। शहर में अस्थायी पार्किंग स्थल चिन्हांकित करने पर भी चर्चा हुई।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी संघ की हुई बैठक



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा के तत्वाधान में प्रदेश के सभी पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को मेडिकल कॉलेज कांकेर के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. विमल भगत के साथ बैठक ली गई। बैठक में कांकेर मेडिकल कॉलेज के समस्याओं को उनके समक्ष रखा गया एवं विभाग के समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक उपरांत संघ के प्रांताध्यक्ष द्वारा श्यामा देवी को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांत के नर्सिंग ऑफिसर्स मोर्चा के पद पर नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में संघ के अजय सिंह परिहार वरिष्ठ नेता कर्मचारी संघ जगदलपुर जिला बस्तर, रवि ठाकुर वरिष्ठ नेता कर्मचारी संघ कांकेर, प्रदेश महामंत्री सतीश पसेरिया, अविनाश सिंह ठाकुर उप प्रांताध्यक्ष एवं कर्मचारी शामिल रहे।

### संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का आयोजन कल से

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का आयोजन 11 से 13 दिसम्बर तक जगदलपुर में किया जा रहा है। संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का उदघाटन समारोह 11 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे प्रियदर्शिनी स्टेडियम में होगी, इस उदघाटन समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और उप मुख्यमंत्री अरुण साव की शिरकत करने की संभावना है साथ ही स्थानीय सांसद, विधायक तथा अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

### परीक्षा पे चर्चा, 11 जनवरी तक अपलोड कर सकते हैं प्रश्न

**जगदलपुर।** देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने का एक और सुनहरा अवसर मिल रहा है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो इस श्रंखला का 9वाँ संस्करण होगा। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में राज्यों से चयनित बच्चों द्वारा परीक्षा से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब देकर उनका मार्गदर्शन करेंगे और उनके तनाव को कम करने का प्रयास करेंगे।

इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सभी प्रकार के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थी, शिक्षक गण एवं पालकों को पोर्टल में जाकर अपने प्रश्न पूछने का अवसर सुलभ करवाया गया है। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 1 दिसंबर को हो चुकी है और सभी हितग्राही अपने सवाल अपलोड करने के लिए 11 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

## नोडल अधिकारी खरीदी केन्द्रों के प्रतिदिन व्यवस्थाओं का संज्ञान लें

# अवैध धान परिवहन पर सूचना तंत्र को मजबूत कर करें आवश्यक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- टोकन के आधार पर गेट पास ऐप में फोटो अपलोड अनिवार्य तौर पर करें : कलेक्टर

कलेक्टर हरिस एस ने विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की व्यापक समीक्षा समय-सीमा की बैठक में की। कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्थाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि नोडल अधिकारी खरीदी केन्द्रों के प्रतिदिन व्यवस्थाओं का संज्ञान लें और सप्ताहांत के दिन में मौका मुआयना भी करेंगे। किसानों के टोकन के आधार पर गेट पास ऐप में फोटो अपलोड अनिवार्य तौर पर करें। इसके अलावा सभी धान संग्रहण केंद्रों की तैयारियां समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने राइस मिलर्स के साथ अनुबंध, उठाव की स्थिति और बारदाना उपलब्धता की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अवैध धान परिवहन पर सूचना तंत्र को मजबूत कर आवश्यक कार्रवाई लगातार सुनिश्चित करें। उन्होंने खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, शेड, बैठने की व्यवस्था रखने कहा और केंद्र में प्रदर्शित संपर्क नंबर एक्टिव रखे जाने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास के विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ ही मनरेगा के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, विकासखंड स्तर पर रेडी टू ईट निर्माण ईकाई के कार्य की प्रगति और ईकाई में निर्मित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच के संबंध चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग से उल्लास योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और जाति प्रमाण पत्र निर्माण की स्थिति की समीक्षा की। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आधार रीडिंग एवं किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सुविधा देने प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पंचायत स्तर पर आँगनबाड़ी भवन और पीडीएस दुकान के निर्माण हेतु भूमि आबंटन संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु एसडीएम को विशेष रूप से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी निर्माणाधीन पीडीएस दुकानों का निर्माण फरवरी माह तक पूर्ण करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गृह निर्माण की प्रगति का परीक्षण किया गया। मनरेगा के तहत जारी विकास कार्यों की गति बढ़ाने पर जोर दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा डीएमएफटी से स्वीकृत कार्यों को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए ।

इस अवसर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे ।

#### एनसीआर रिपोर्ट पर चर्चा

बैठक में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा, एनसीईआर रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए आधार रिवेरिफिकेशन, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन के शौचालय निर्माण जैसे योजनाओं की जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

# जूडो खिलाड़ी यशवंत पाण्डे मणिपुर में दिखाएंगे जौहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता महिला व पुरुष 11 से

भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में मणिपुर जूडो संघ द्वारा खुमान लंपक इनडोर स्टेडियम इंफाल मणिपुर में 11 से 15 दिसंबर तक राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष का आयोजन कर रहा है। प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ ने भी प्रदेश की टीम का गठन किया जिसमें एशियाई कैडेट जूडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त रंजीता कुरेती, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रजत पदक प्राप्त तनु रानी साहू एवं प्रियांशु नेताम, राष्ट्रीय अस्मिता वूमेन जूडो प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त स्नेहा नियोगी का भी चयन किया गया है। प्रदेश की टीम में 8 पुरुष एवं नौ महिलाओं का चयन किया गया है। प्रदेश की महिला टीम में 48 केजी दीपिका साहू एवं प्रिया विश्वकर्मा, 52 केजी रंजीता करोती एवं तनु रानी साहू, 57 केजी सपना यादव, 63 केजी शारदा गोस्वामी, 70 केजी नंदिनी सिंह, 78 केजी से कम में साधना जायसवाल तथा 78 केजी से अधिक में स्नेहा नियोगी सम्मिलित है। पुरुष वर्ग की टीम में 60 केजी अनिल कुमार गोटा, 66 केजी ओनेस कोडियम, 73 केजी यशवंत पांडे बस्तर, 81 राहुल कुमार, 90 केजी अभिषेक जायसवाल, 100 केजी से कम अनमोल सिंह एवं 100 केजी से अधिक में मैनक दत्ता सम्मिलित है। प्रदेश के टीम के प्रशिक्षक बिलासपुर जिला जूडो संघ के महासचिव श्री राजकुमार जायसवाल को नियुक्त किया गया है। प्रदेश जूडो संघ के पदाधिकारी ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं एशियाई चैंपियनशिप कॉमनवेल्थ गेम्स हेतु भी टीम का चयन भारतीय जूडो महासंघ करेगा।

# पुलिस की गतिशीलता, तकनीकी दक्षता तथा परिचालन क्षमता में होगी वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 1592 आरक्षक पदों की चयन व प्रतीक्षा सूची जारी

आरक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023-24 अंतर्गत विज्ञापित पदों की पूर्ति हेतु चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा चयन, प्रतीक्षा सूची अनुमोदित किए जाने के बाद 9 दिसंबर को चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बस्तर रेंज के सभी सात जिलों में स्वीकृत 1592 आरक्षक पदों के विरुद्ध परिणाम घोषित किए गए हैं। इनमें जिला नारायणपुर में 470 आरक्षक, जिला बीजापुर में 337 आरक्षक, जिला बस्तर में 334 आरक्षक, जिला सुकमा में 128 आरक्षक, जिला कांकेर में 125 आरक्षक, जिला कोंडागांव में 103 आरक्षक एवं जिला दंतेवाड़ा में 55 आरक्षक के स्वीकृत पदों के अनुसार चयन किया गया है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कुल 1,592 आरक्षकों में से 464 महिला अभ्यर्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलतापूर्वक चयन प्राप्त किया है, जो बस्तर रेंज में महिला भागीदारी को सशक्त रूप से दर्शाता है। इसी प्रकार आरक्षक मोटर वाहन चालक एवं अन्य ट्रेड आरक्षक पदों हेतु बस्तर रेंज के समस्त जिलों में 91 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, जिससे पुलिस बल की गतिशीलता, तकनीकी दक्षता तथा परिचालन क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

### पुलिसिंग को मिलेगी सुदृढ़ता

बस्तर रेंज पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टीलिंगम ने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया छत्तीसगढ़ शासन तथा पुलिस मुख्यालय की जन-केंद्रित बुनियादी पुलिसिंग की प्राथमिकताओं को और भी अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नव-नियुक्त आरक्षकों की बस्तर पुलिस में नियुक्ति से बस्तर रेंज के सभी सातों जिलों में और बेहतर जन-सेवा-उन्मुख एवं पेशेवर पुलिसिंग को सुदृढ़ता मिलेगी, जिससे जनता की अपेक्षानुसार क्षेत्र में सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति और अधिक प्रभावी होगी।

# विद्यार्थियों ने दिया नशामुक्ति व स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- शमक विवि के बीएड विद्यार्थियों ने ग्रामीण सर्वे एवं जागरूकता नाटक का किया आयोजन

बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया और विभिन्न सामाजिक व शैक्षिक मुद्दों पर जानकारी एकत्र की। सर्वेक्षण के दौरान छात्रों ने ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य,स्वच्छता, डिजिटल साक्षरता, रोजगार तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी को लेकर बातचीत की। इसके बाद विद्यार्थियों ने उन्हीं मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें स्वच्छता, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के सर्वे और नाटकों से विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, संचार कौशल,और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित होती है। वहीं ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां सरल और प्रभावी तरीके से प्राप्त होती हैं। विद्यार्थियों ने आगे भी इसी तरह के जनजागरूकता कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया।

कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय दर्शन और नैतिकता पर आधारित है। शिक्षक प्रशिक्षुओं को चाहिए कि वे सिर्फ डिग्री प्राप्त करने का लक्ष्य न रखें बल्कि एक संवेदनशील विश्लेषक और उत्तरदायी नागरिक बनने का संकल्प लें। बी.एड. वास्तव में एक बहुविषयक पाठ्यक्रम है। जो विद्यार्थियों को विशिष्ट कौशलों से संपन्न करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जीवन हमारी जड़ों का प्रतीक है और शिक्षक तभी सफल होता है जब वह अपने ज्ञान को अनुभवात्मक रूप से समाज तक पहुंचाता है। उन्होंने कार्यक्रम को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक अनुभव का विद्यालय बताया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जयप्रकाश दास, संजीवन कुमार विभागध्यक्ष वानिकी विभाग, डॉ सुकृता तिर्की विभागध्यक्ष बीएड अध्यनशाला, सरंपच जानकी देवी, बीएड शिक्षक डॉ सोहन कुमार मिश्रा, डॉ गायत्री सोनी, डॉ रेखा जिवनानी, लीलावती पटेल एवं संजय गहरवाल एवं विद्यालय के प्रधान पाठक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# लाइन शिफ्टिंग के लिए दो घंटे बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- उपभोक्ता परेशान रहे व कर्मी मरम्मत में जुटे रहे

शहर के दलपत सागर विद्युत लाईन शिफ्टिंग एवं एबी स्वीच के मेंटनेंस के लिए मंगलवार को आधे घंटे तक बिजली बंद रही। जिससे उपभोक्ता परेशान रहे वहीं दूसरी ओर विद्युत कंपनी के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं के नेतृत्व में लाईन कर्मचारी मरम्मत में जुटे रहे। इससे राजमहल परिसर, रोटरी क्लब, पोस्ट ऑफिस, पुराना पुल रोड, कोहकापाल, ठाकुर रोड, डोंगाघाट, महादेव घाट, पंच रास्ता चौक, सर्किट हाउस, दुर्गा आदि क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

# साहू समाज की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



जगदलपुर। क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी की नयी कार्यकारिणी का रविवार को सिंधी कॉलोनी स्थित छग पेंशन कल्याण संघ भवन में शपथ ग्रहण हुआ। समाज के वरिष्ठ नागरिक हेमलाल साहू की अध्यक्षता में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज सेवा, संगठन विस्तार और सांस्कृतिक गतिविधियों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष, महिला, पुरुष उपाध्यक्षों तथा संगठन सचिव सहित महत्वपूर्ण पदों का निर्वाचन हुआ था। कार्यकारिणी में अध्यक्ष गणेश राम साहू, संरक्षक पालन साहू, सह संरक्षक बुधेलाल साहू, भरोसा राम साहू, संयोजक देवनारायण साहू, सह संयोजक हेमलाल साहू, उपाध्यक्ष मोहन लाल साहू और पिलेश्वरी साहू, संगठन सचिव जगदीश साहू और सुनीता साहू सहित पूरी टीम को दायित्व सौंपे गए।

महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष प्रमिला साहू, संरक्षक उर्मिला साहू, सह संरक्षक रत्ना साहू, सचिव लक्ष्मी साहू, उप सचिव पार्वती साहू, कोषाध्यक्ष सुनीता साहू तथा सात कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। युवा प्रकोष्ठ में अध्यक्ष परमानंद साहू, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, सचिव जोहित राम साहू, सह सचिव भोज साहू, कोषाध्यक्ष अनूप साहू, उप कोषाध्यक्ष कमलेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी राजू साहू तथा 16 सदस्य शामिल किए गए।

## 15वें वित्त आयोग से 222.75 लाख की स्वीकृति

# जगदलपुर को मिला विकास का नया आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा नगर निगम जगदलपुर को 15वें वित्त आयोग के अनटाइड ग्रांट अंतर्गत 222.75 लाख की स्वीकृति मिलते ही शहर में बुनियादी ढांचे के विस्तार की रफ्तार और तेज हो गई है। यह राशि उन वार्डों में सड़क, नाला और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े 12 महत्वपूर्ण कार्यों पर खर्च की जाएगी, जहां वर्षों से नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

लोकमान्य तिलक वार्ड,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड और छत्रपति शिवाजी वार्ड में बीटी और सीसी रोड निर्माण से स्कूल,आंगनबाड़ी, बाजार और मुख्य सड़कों तक पहुँचना आसान होगा। बारिश में कीचड़ और खराब सड़कों से राहत मिलेगी। दलपत सागर वार्ड,छत्रपति शिवाजी वार्ड, गुरुगोविंद सिंह वार्ड, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, महारानी वार्ड और बलीराम कश्यप वार्ड में बनने वाले आरसीसी नालों से बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी। पुराने जर्जर नालों की जगह मजबूत आरसीसी संरचनाएँ दीर्घकालिक समाधान देंगी।



महारानी वार्ड में चांदनी चौक से कोर्ट चौक तक डिवाइडर पोल और स्ट्रीट लाइट लगाने से रात्रिकालीन दुर्घटनाओं में कमी आएगी और व्यापारिक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ेगी। बलीराम कश्यप वार्ड में आयुक्त निवास के पीछे पुलिया निर्माण से स्थानीय बस्तियों को सुरक्षित और आसान मार्ग उपलब्ध होगा।

### शहर में 12 विकास कार्यों से हजारों लोगों को लाभ

222.75 लाख की स्वीकृति से शहर के कई वार्डों में वर्षों से लंबित सड़क, नाला और प्रकाश व्यवस्था की समस्याओं का समाधान होगा। बीटी व सीसी रोड निर्माण से आवागमन सुगम होगा, आरसीसी नालों से वर्षा जलभराव की समस्या कम होगी, जबकि नई स्ट्रीट लाइट और पुलिया निर्माण से सुरक्षा और सुविधा दोनों में वृद्धि होगी। निगम प्रशासन ने सभी कार्यों को गुणवत्ता और समय-सीमा के साथ पूर्ण कराने की बात कही है।

महापौर संजय पाण्डे ने उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, बस्तर सांसद महेश कश्यप,प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव तथा पार्षदों व अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

